
# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

28-10-2022

FRIDAY



## 1. म.प्र से पहले मिस्टर इंडिया बने विनीत शर्मा को सीएम सहित कई लोगों ने दी बधाई



तीनों बड़े राजनेताओं ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी विनीत के साथ इस मुलाकात को लोगों के बीच साझा किया और उसे शुभकामनाएं दी है।

अशोकनगर,हितेंद्र बुधौलिया। देश की सबसे बडी पुरुष प्रतियोगिता का पुरस्कार जीतकर मि. इंडिया का खिताब अपने नाम करने बाले अशोक नगर निवासी विनीत शर्मा (vineet sharma) को बीते दिनों राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री हितानंद शर्मा सहित कई तमाम बड़े राजनेताओ एवं जनप्रतिनिधियों नें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही इस प्रतियोगिता को जीतने वाले प्रदेश के पहले युवा बनने पर इस गौरव को मध्य प्रदेश की उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके द्वारा प्रतिदिन आयोजित होने वाले पौधरोपण कार्यक्रम में विनीत शर्मा को शामिल कर उसके साथ पेड़ भी लगाया।

रूबरू मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता में ब्रांड एंबेसडर बनकर प्रतियोगिता को अपने नाम करने वाले विनीत शर्मा ने बताया कि उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि पर मध्य प्रदेश केमुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा एवं संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने उसका हौसला बढ़ाया और आगे के लिए शुभकामनाएं दी।इसके लिए वह उनका आभार व्यक्त करता है। तीनों बड़े राजनेताओं ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी विनीत के साथ इस मुलाकात को लोगों के बीच साझा किया और उसे शुभकामनाएं दी है।

## 2. संयुक्त राष्ट्र का 27वां जलवायु परिवर्तन सम्मेलन अगले महीने मिस्र के शर्म अल-शेख में होगा




संयुक्त राष्ट्र का 27वां जलवायु परिवर्तन सम्मेलन अगले महीने की 6 से 18 तारीख तक मिस्र के शर्म अल-शेख में होगा। ये सम्मेलन अफ्रीका में पांचवीं बार आयोजित होगा। इसमें 200 से अधिक देशों को आमंत्रित किया गया है।

स्थानीय सरकार का मानना है कि ये सम्मेलन जलवायु परिवर्तन से महाद्वीप में हो रहे गंभीर परिणामों पर ध्यान केन्द्रित करेगा। जलवायु परिवर्तन संबंधी विभिन्न देशों की अंतर्राष्ट्रीय समिति का मानना है कि अफ्रीका जलवायु परिवर्तन से विश्व के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में है।

सम्मेलन में तीन मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। इसमें उत्सर्जन कम करना, जलवायु परिवर्तन से निपटने, तकनीकी सहायता और विकासशील देशों को जलवायु गतिविधियों के लिए आर्थिक मदद करना शामिल है।

इस दौरान पिछले सम्मेलन के लंबित और महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उठाया जाएगा। साथ ही कोयले के उपयोग को कम करने की प्रतिबद्धता पर भी विचार विमर्श होगा।

## 3. थंडी और कदमत समुद्र तटों को मिला ब्लू बीच प्रमाणन



केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि दो और भारतीय समुद्र तटों को दुनिया के सबसे स्वच्छ समुद्र तटों की सूची में जगह मिली है। इसी साल तमिलनाडु के केवलन और पुदुचेर की ईडन बीच को भी ब्लू बीच का सर्टिफिकेट मिला था।

पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने ट्वीट किया, 'गर्व का क्षण! दो और भारतीय समुद्र तटों ने 'ब्लू बीच' की सूची में जगह बनायी है। मिनिकॉय, थुंडी बीच और कदमत बीच - दोनों लक्षद्वीप में - ने 'ब्लू बीच' की प्रतिष्ठित सूची में जगत बनायी है, जो दुनिया में सबसे स्वच्छ समुद्र तटों की सूची है।' उन्होंने ट्वीट किया, 'यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक सतत वातावरण के निर्माण की दिशा में भारत की अथक यात्रा का हिस्सा है।'

वहीं भारत के दो और समुद्र तट 'ब्लू बीच' लिस्ट में शामिल, पीएम मोदी ने भी बधाई देते हुए लिखा- भारत का तटीय क्षेत्र बेहद अहम है और यहां के लोगों में जुनून है जो कि और भी तटों को स्वच्छ करने में सक्षम है। इससे भारत में 'ब्लू बीच' की संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

## 4. चीन बॉर्डर के पास भारत और अमेरिका की सेनाएं करेंगी युद्धाभ्यास



भारत और चीन के बीच लंबे समय से तनाव जारी है, सीमा पर कई बार दोनों ही देशों की सेनाएं आमने-सामने आई हैं और हिंसक झड़प भी देखने को मिली हैं. एलएसी पर चीनी सेना हमेशा से ही एग्रेसिव मोड में रही है, जिसका भारतीय सेना की तरफ से भी जवाब दिया जाता है. अब एक ऐसी खबर सामने आ रही है जिससे चीन को फिर मिर्ची लग सकती है. भारत और अमेरिका की सेनाएं इसी महीने एलएसी के करीब उत्तराखंड के औली में हाई-आल्टिट्यूड मिलिट्री एक्सरसाइज करने जा रही हैं. भारत और अमेरिकी की सेनाओं के बीच साझा युद्धाभ्यास का ये 15वां मौका है.

भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच सालाना मिलिट्री एक्सरसाइज होती है जिसे 'युद्धाभ्यास' के नाम से जाना जाता है. एक साल ये एक्सरसाइज भारत में होती है और एक साल अमेरिका में. पिछले साल ये युद्धाभ्यास अमेरिका के अलास्का में किया गया था. इसीलिए इस साल ये एक्सरसाइज भारत में होनी जा रही है. ये मिलिट्री एक्सरसाइज 15 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच होगी.

अब अमेरिका और भारत की दोस्ती से पहले ही चीन तिलमिलाया रहता है, ऐसे में ये मिलिट्री एक्सरसाइज उसके लिए एक बड़ा मैसेज है. उत्तराखंड का औली करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई पर है और यहां से लाइन ऑफ कंट्रोल यानी एलएसी करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर है. उत्तरांखड से सटी एलएसी भारतीय सेना के सेंट्रल सेक्टर का हिस्सा है. यहां पर एलएसी का बाड़ोहती इलाका भारत और चीन के बीच लंबे समय से विवादित रहा है. पिछले दो साल के दौरान जब पूर्वी लद्दाख में दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनातनी चल रही थी तब इस इलाके में भी चीन की सैन्य गतिविधियां बढ़ने की खबरें लगातार आती रहती थी. यही वजह है कि अक्टूबर के महीने में भारत और अमेरिका के बीच होने वाली मिलिट्री एक्सरसाइज बेहद अहम हो जाती है.

## 5. महाराष्ट्र में नेरल-माथेरान टॉप ट्रेन फिर से हुई शुरू



आने वाले समय में जल्द ही आप नेरल से माथेरान (Neral to Matheran) की यात्रा लोकल ट्रेन (Mumbai Local Train) से कर सकेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, मध्य रेलवे (सीआर) नेरल और माथेरान के बीच लोकल ट्रेन जैसी सुविधा को शुरू करने की योजना बना रहा है। इस दिशा में रेलवे (Central Railway) ने काम भी शुरू कर दिया है। मुंबई से 100 किलोमीटर दूर स्थित माथेरान एक छोटा हिल स्टेशन है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मध्य रेलवे नैरो-गेज सेक्शन नेरल से माथेरान के लिए मुंबई लोकल ट्रेन की तरह इंजन रहित मल्टी-यूनिट ट्रेनों के निर्माण के लिए मैन्युफैक्चरर के साथ बात कर रही है। बताया जा रहा है कि एक नए डिजाइन वाले डीजल-इलेक्ट्रिक पावर्ड मल्टीपल यूनिट (DEMU) टाइप सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रेन के लिए रेलवे की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF) के साथ बातचीत चल रही है।

गौरतलब हो कि मिनी ट्रेन माथेरान में सैलानियों के बीच आकर्षण का मुख्य केंद्र है। माथेरान की बेहद लोकप्रिय मिनी ट्रेन दिवाली की छुट्टियों से पहले 22 अक्टूबर से पटरियों पर लौटी है। दरअसल 20 किलोमीटर लंबी यह नैरो गेज लाइन अगस्त 2019 में मानसून के दौरान भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हो गई थी और तब से बंद थी।

मध्य रेलवे के अनुसार, नेरल-माथेरान के बीच दैनिक दो डाउन ट्रेन सेवा और माथेरान-नेरल के बीच दो अप सेवा का परिचालन किया जा रहा है। नेरल माथेरान पर्वत की तलहटी में स्थित है जो मध्य रेलवे के उपनगरीय लोकल ट्रेन नेटवर्क से मुंबई से जुड़ा हुआ है।

### 6. संगीता वर्मा भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष बनीं




संगीता वर्मा को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग का कार्यवाहक चेयरपर्सन नियुक्त किया।यह नियुक्ति पूर्णकालिक चेयरमैन अशोक कुमार गुप्ता के मंगलवार को पद छोड़ने के बाद हुई है। वर्मा वर्तमान में सीसीआई की सदस्य हैं।इस संबंध में जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, ''वर्मा की नियुक्ति बुधवार से तीन महीने की अवधि, नियमित चेयरमैन की नियुक्ति तक या किसी भी अगले आदेश तक प्रभावी है।''गुप्ता ने सीसीआई चेयरमैन के रूप में नवंबर, 2018 में पदभार संभाला था।


### 7. लद्दाख के सांसद ने नेह से शुरू किया 'में भी सुभाष' अभियान



लद्दाख के सांसद जामयांग सेरिंग नामग्याल ने लेह से 'मैं भी सुभाष' अभियान की शुरुआत की। 'मैं भी सुभाष' अभियान कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है जो संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से नेताजी सुभाष चंद्र बोस आईएनए ट्रस्ट द्वारा आयोजित की जाती है। अगले साल 23 जनवरी को नेताजी की 125वीं जयंती के मौके पर 'मैं भी सुभाष' अभियान का आयोजन होने जा रहा है. 'मैं भी सुभाष' अभियान मुंबई और कोलकाता में शुरू हो रहा है।

श्री नामग्याल ने लेह के बॉयज हायर सेकेंडरी स्कूल में नेताजी पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। 'मैं भी सुभाष' अभियान का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के योगदान के बारे में जागरूकता पैदा करना है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर ऑन रोड प्रदर्शनी वाहन कारगिल पहुंचा। प्रदर्शनी 'मैं भी सुभाष' सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज कारगिल और टाटा मोबाइल स्टैंड कारगिल में आयोजित की गई थी। यह आईएनए ट्रस्ट और संस्कृति मंत्रालय की एक पहल है।

### 8. सत्यजीत रे की 'पाथेर पांचाली' को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म क्रिटिक्स ने सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म घोषित किया



दुनिया के सबसे महान फिल्मकारों में शुमार सत्यजित रे की आइकोनिक फीचर फिल्म 'पाथेर पांचाली' को इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म क्रिटिक्स (FIPRESCI) ने सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिल्म घोषित किया है। 1955 में आई भारतीय सिनेमा की यह ऐतिहासिक फिल्म मुकाबले में सबसे आगे रही और टॉप 10 की लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया। 'पाथेर पांचाली' के इस नए माइल स्टोन का ऐलान एफआईपीआरईएससीआई की ओर से कराये गये मतदान के बाद किया गया। मतदान में 30 सदस्यों की एक कमेटी शामिल थी।

"पाथेर पांचाली" फिल्म निर्माता सत्यजीत रे की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म थी, जो विभूतिभूषण बंद्योपाध्याय द्वारा लिखित इसी नाम की 1929 में आई नॉवेल पर आधारित है। फिल्म के स्टार कास्ट की बात करें तो "पाथेर पांचाली" में सुबीर बनर्जी, कानू बनर्जी, करुणा बनर्जी, उमा दासगुप्ता, पिनाकी सेनगुप्ता और चुनीबाला देवी ने अभिनय किया था।

FIPRESCI की लिस्ट में "पाथेर पांचाली" के अलावा जो फिल्म शामिल हैं, उनके नाम हैं, ऋत्विक घटक का 1960 में आया नाटक "मेघे ढाका तारा" (बंगाली), मृणाल सेन का 1969 का नाटक "भुवन शोम" (हिंदी), अदूर गोपालकृष्णन का 1981 में आया नाटक "एलिपपाथयम" (मलयालम) और गिरीश कासरवल्ली की 1977 की फिल्म "घटाश्रद्धा" (कन्नड़) भी शामिल है। इनके अलावा एमएस सथ्यू की 1973 की फिल्म "गर्म हवा" (हिंदी), सत्यजित रे की 1964 की फिल्म "चारुलता" (बंगाली), श्याम बेनेगल की 1974 की फिल्म "अंकुर" (हिंदी), गुरु दत्त की 1954 की फिल्म "प्यासा" (हिंदी) और रमेश सिप्पी द्वारा निर्देशित 1975 की ब्लॉकबस्टर "शोले" (हिंदी) भी शामिल है।

## ONE LINER

**हाल ही में FIH प्रो लीग 2022-2023 के लिए भारतीय हॉकी टीम का कप्तान किसे बनाया गया है** - हरमनप्रीत सिंह

**मिनिकॉय थुंडी बीच और कदमत बीच को हाल ही में ब्लू फ्लैग सर्टिफिकेशन मिला है। दोनों समुद्र तट निम्न में से किस भारतीय राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में स्थित हैं-** लक्षद्वीप

**हाल ही में किस केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल ने संपत्ति कर माफी योजना समृद्धि 2022-23 पेश की-** लद्दाख

**हाल ही में किस देश ने 'प्लेन लैंग्वेज एक्ट' पारित किया है -** न्यूजीलैंड

**उत्तरी कैरोलिना के सर्वोच्च राजकीय सम्मान से निम्न में से किसे सम्मानित किया जाएगा -** स्वदेश चटर्जी

**हाल ही में विचारों की स्वतंत्रता के लिए 2022 सखारोव पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है-** यूक्रेन के लोगों को

**2023 में इंटरपोल महासभा की मेजबानी कहां की जाएगी -** वियाना

**जलवायु पर आधारित संयुक्त राष्ट्र की 27वीं वार्षिक बैठक, COP27 किस देश में आयोजित की जाएगी** - मिस्र

**किसने हाल ही में भारत का तीसरा पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा जीता -** स्वप्निल कुसाले

**हाल ही में किस राज्य को 100% हर घर जल राज्य घोषित किया गया है-** गुजरात

## QUIZ

**1. अक्टूबर 2022 में किस देश के क्रिकेट बोर्ड ने यह घोषणा की पुरुष और महिला क्रिकेटरों का वेतन समान प्रदान किया जाएगा?**

a) PCB
b) BCCI
c) ECB
d) SCB

**2. हाल ही में आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में कौन शामिल हुआ?**

a) रोहित शर्मा
b) केएल राहुल
c) शिखर धवन
d) विराट कोहली

**3. 6 नवंबर 2022 से संयुक्त राष्ट्र की जलवायु परिवर्तन बैठक कहां आयोजित की जाएगी?**

a) भारत
b) मिस्र
c) संयुक्त अरब अमीरात

d) अमेरिका

**4. हाल ही में कितने भारतीय समुद्र तटों को ब्लू फ्लैग प्रमाणन प्राप्त हुआ?**

a) 02

b) 03

c) 04

d) 05

**5. निम्न में से कौन सा देश मनोरंजन प्रयोजनों के लिए भांग के उपयोग को वैध करेगी?**

a) जापान

b) अमेरिका

c) भारत

d) जर्मनी

**6. अक्टूबर 2022 में किस देश में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति की एक बैठक आयोजित की जाएगी?**

a) पाकिस्तान

b) अफगानिस्तान

c) भारत

d) बांग्लादेश

**7. हाल ही में पीएम मोदी गृह मंत्रियों और राज्यों के DGP को एक चिंतन शिविर के माध्यम से संबोधित करेंगे इसका आयोजन किस राज्य में किया जा रहा है?**

a) उत्तर प्रदेश

b) मध्य प्रदेश

c) गुजरात

d) हरियाणा

**8. किस राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के अनुकूलन पर्यटन परियोजना की शुरुआत की?**

a) केरल

b) उत्तर प्रदेश

c) मध्य प्रदेश

d) गुजरात

**9. निम्न में से किस राज्य में केंद्र द्वारा तराई हाथी रिजर्व स्थापित करने की मंजूरी दी?**

a) केरल

b) उत्तर प्रदेश

c) मध्य प्रदेश

d) उत्तराखंड

**10. निम्न में से किस फिल्म को सैटर्नअवॉर्ड्स 2022 में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया?**

a) शेरशाह

b) कश्मीरी फाइल्स

c) RRR

d) तानाजी

The ACHIEVERS IAS ACADEMY